# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, रविवार, 11 जनवरी 2026


### सुविचार

साधारण दिखने वाले लोग ही दुनिया के सबसे अच्छे लोग होते हैं। यही वजह है कि भगवान ऐसे बहुत से लोगों का निर्माण करते हैं।

-अब्राहम लिंकन

### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- मांग में सिंदूर भरकर प्रेमी युगल ने रेल पटरी पर.. II
- उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना III
- बीबीएयू ने लिया विकसित भारत का संकल्प IV


## परेड का पूर्वाभ्यास

पुलिस लाइन के मैदान में 26 जनवरी को आयोजित होने वाली परेड में शामिल होने के लिए पूर्वाभ्यास के पहले दिन बैंड की धुन पर मार्च पास्ट करते सीएमएस छात्र, सेना के जवानों की टुकड़ी और महिला पुलिस की टुकड़ी। ● अमृत विचार

### शहर में आज

- सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जेपीएस स्टार 11 और इम्पल्स सिने एंटरटेनमेंटस के संयुक्त तत्वावधान में कला-संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान समारोह वृंदावन रेस्टोरेंट सेक्टर – 6 में दोपहर 1:45 बजे.
- सेक्टर– 6 में वृंदावन रेस्टोरेंट में सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जेपीएस स्टार 11 और इम्पल्स सिने एंटरटेनमेंटस के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन 1:45 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में डोरेमी क्लब के विंटर थियेटर प्रोडक्शन की ओर से कार्यक्रम कहानियों की गाथा- सीजन-2 का आयोजन 3:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में लेट अस गिव होप फाउंडेशन की ओर से कार्यशाला का आयोजन 11:30 बजे।
- रोहित भवन सप्रू मार्ग हजरतगंज में राष्ट्रीय सनातन संघ की बैठक केन्द्रीय कार्यालय का आयोजन 2:30 बजे।
- जीपीओ हजरतगंज में हिन्दू समाज पार्टी का प्रदर्शन 1:00 बजे।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# बवाल की आशंका के चलते केजीएमयू परिसर बना छावनी

## महिला रेजिडेंट डॉक्टर प्रकरण को लेकर उपद्रव, कुलपति कार्यालय में तोड़फोड़ के बाद पुलिस-प्रशासन हरकत में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में शुक्रवार को प्रतिकुलपति एवं एनेस्थीसिया विभाग की अध्यक्ष डॉ. मोनिका कोहली को कुलपति कार्यालय में बंधक बनाने और तोड़फोड़ की घटना के बाद पुलिस-प्रशासन हरकत में आ गया। परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। शनिवार को केजीएमयू पूरी तरह छावनी में तब्दील नजर आया। मुख्य द्वार से लेकर कुलपति कार्यालय तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा।

पैथोलॉजी विभाग की एक महिला रेजिडेंट डॉक्टर पर शादी के लिए धर्म परिवर्तन का दबाव और यौन शोषण के आरोपों को लेकर केजीएमयू में पिछले करीब दो सप्ताह से माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। इस दौरान तीन से चार बार अराजकतत्वों और हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों द्वारा परिसर में हंगामा, बवाल तथा अधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

केजीएमयू के प्रशासनिक कार्यालय के समक्ष सुरक्षा की दृष्टि से लगी पुलिस। अमृत विचार

केजीएमयू के मुख्य गेट पर खड़े पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

शुक्रवार को हालात और गंभीर हो गए। केजीएमयू प्रशासन का आरोप है कि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के समर्थकों सहित अन्य उपद्रवी तत्वों ने कुलपति कार्यालय पर कब्जा कर लिया, जमकर तोड़फोड़ की और महिला डॉक्टरों से अभद्रता की। प्रशासन की ओर से बार-बार अपील के बावजूद स्थिति नियंत्रित नहीं हो सकी, जिसके बाद पुलिस से मदद मांगी गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस उपद्रवियों पर काबू पा सकी।

शासन और प्रशासन की तीखी किरकिरी के बाद पुलिस ने केजीएमयू परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी। मुख्य गेट से लेकर कुलपति और कुलसचिव कार्यालय तक पुलिस बल की तैनाती की गई। परिसर में आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई और झुंड में आने वाले युवाओं की तलाशी ली गई। ट्रॉमा सेंटर, शताब्दी भवन, ओपीडी, गांधी वार्ड और पैथोलॉजी विभाग के आसपास पुलिस ने लगातार गश्त की। पूरे दिन केजीएमयू में पुलिस चौकन्नी नजर आई और हालात पर कड़ी निगरानी रखी गई।

### नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट, आक्रोश

- पुलिस के रवैये को लेकर केजीएमयू में नाराजगी है। केजीएमयू प्रशासन ने शुक्रवार शाम उपद्रवियों के खिलाफ चौक थाने में तहरीर दी थी, लेकिन 24 घंटे बाद भी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं हो सका। प्रशासन का कहना है कि पुलिस को घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी है और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। इसके बावजूद कार्रवाई न होने से डॉक्टरों और कर्मचारियों में गुस्सा है। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि पुलिस को तहरीर दी गई है, लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज होने की सूचना नहीं मिली है। डॉक्टर संगठनों ने जल्द बैठक कर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## केजीएमयू में तोड़फोड़ का आईएमए ने जताया विरोध

**अमृत विचार, लखनऊ:** अमृत विचार, लखनऊ: केजीएमयू में शुक्रवार को कुलपति कार्यालय पर हुए हंगामा और तोड़फोड़ पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने आक्रोश जताया है। एसोसिएशन ने चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और इस घटना के लिए जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

आईएमए उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अस्थाना और सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने संगठन की ओर से बयान जारी करके इस घटना की निंदा की है। उनके मुताबिक आईएमए की ओर से राज्य स्तरीय जांच और संस्थान में मरीज और तीमारदारों के साथ ही डॉक्टरों और कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग उठाई गई है।

उन्होंने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर इस तरह की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं और इससे स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था प्रभावित होती है। आईएमए ने स्पष्ट किया कि डॉक्टर और कर्मचारी पहले ही दबाव में काम करते हैं, ऐसे में सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन ने प्रशासन से तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# 4.80 लाख मतदाताओं को जारी होगा नोटिस

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 2003 की मतदाता सूची में नाम न होने से नहीं हो पायी थी मैपिंग
- सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण जारी करेंगे नोटिस

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन कार्यालय राजधानी के करीब 4.80 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी करेगा। इन मतदाताओं ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान फार्म भरते समय 2003 की मतदाता सूची का विवरण नहीं भरा था, जिससे इनकी मैपिंग नहीं हो पाई थी। निर्वाचन आयोग से सॉफ्टवेयर मिलते ही सोमवार से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी करना शुरू कर देंगे। नोटिस जारी होने के एक हफ्ते में सुनवाई के दौरान इन मतदाताओं को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सामने जवाब प्रस्तुत करना होगा।

### माता-पिता या दादा-दादी में से किसी का देना होगा इपिक नंबर

- मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची में नाम न होने का कारण बताने के साथ अपने माता-पिता, दादा-दादी में से किसी का इपिक नंबर, राज्य, विधानसभा क्षेत्र, मतदान केंद्र और बूथ का नाम भी देना होगा। जिससे मतदाता का उनसे मिलान किया जा सके।

### महिला मतदाताओं के सामने आ रही समस्या

- एसआईआर के दौरान राजधानी में विशेषकर महिला मतदाताओं के 2003 की मतदाता सूची में नाम न होने की समस्या थी। ये महिलाएं विवाह होने के बाद दूसरे जिले या राज्य से लखनऊ आ गयीं और यहां मतदाता बन गईं। विवाह से पूर्व उनके मूल निवास स्थल पर उनका 2003 की मतदाता सूची में नाम भी दर्ज नहीं था। या उस समय उनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण नहीं हुई थी। इससे एसआईआर फार्म में महिलाएं 2003 की मतदाता सूची का विवरण नहीं भर सकीं।

लखनऊ के सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर ने बताया कि करीब 4.80 लाख मतदाताओं की एसआईआर फार्म में 2003 की मतदाता सूची का विवरण न मिल पाने से मैपिंग नहीं हो पाई है। इन मतदाताओं को जल्द ही नोटिस जारी करके जवाब देना होगा। माता-पिता या दादा-दादी में से किसी का इपिक नंबर देना होगा।

# तीन गांवों में 15 करोड़ की जमीन कराई अतिक्रमणमुक्त

ग्राम हरिहरपुर में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम।

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- नगर निगम और तहसील ने ग्राम अमौसी, हरिहरपुर और बिरूरा में की बड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार :** नगर निगम और तहसील प्रशासन ने शनिवार को सरोजनी नगर तहसील के ग्राम अमौसी, हरिहरपुर और बिरूरा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव द्वारा गठित टीमों ने तीनों गांवों से 15.03 करोड़ की कुल 1.5967 हेक्टेयर सरकारी भूमि अतिक्रमणमुक्त कराई।

ग्राम हरिहरपुर में खसरा संख्या 440 और 433 की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाकर 9.24 करोड़ की कुल 0.3557 हेक्टेयर भूमि खाली कराई। ग्राम अमौसी में खसरा संख्या 430 और 358 की ग्राम समाज व नवीन परती में दर्ज 1.061 हेक्टेयर भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग के निर्माण और बाउंड्रीवाल ध्वस्त करके लगभग 2.78 करोड़ की जमीन खाली कराई। ग्राम बिरूरा में तालाब में दर्ज खसरा संख्या 346 की करीब 3 करोड़ मूल्य की 0.190 हेक्टेयर भूमि से अवैध कब्जे हटाए।

कार्रवाई सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार नगर निगम अरविन्द कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में की गई।

### सिटी ब्रीफ

#### अवकाश के दिन खुले रहे नगर निगम के कैश काउंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** भवन स्वामियों की सुविधा और बकाया गृहकर वसूली में तेजी लाने के लिए नगर निगम के सभी कैश काउंटर शनिवार को अवकाश के दिन भी खुले रहे। भवन स्वामियों ने इस सुविधा का लाभ उठाते हुए लगभग 62 लाख रुपये गृहकर जमा किया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गृहकर वसूली में तेजी लाने के लिए शनिवार और रविवार को अवकाश के दिन गृहकर जमा कराने के लिए कैश काउंटर खोलने के निर्देश दिए हैं।

#### 'आख़री ताजदार' का मंचन 13 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी और फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय नारी सम्मान एवं बाल विकास संस्थान की ओर से ऐतिहासिक नाटक आख़री ताजदार का मंचन 13 जनवरी को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया जाएगा। नाटक अवध के अंतिम बादशाह नवाब वाजिद अली शाह के जीवन पर आधारित है। नवाब मसूद अब्दुल्लाह द्वारा लिखित व निर्देशित इस नाटक में वे स्वयं नवाब वाजिद अली शाह की भूमिका निभाएंगे। सानिया बेगम हजरत महल, डॉ. टिक्कू अंग्रेज अफसर और जयंत कृष्णा सूत्रधार की भूमिका में होंगे। प्रेस वार्ता में महासचिव सभ्यता भारती ने बताया कि नाटक में ईस्ट इंडिया कंपनी के धोखे और वाजिद अली शाह के स्वाभिमानपूर्ण रुख को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर नवाब मसूद अब्दुल्लाह को अवध सम्मान से नवाजा जाएगा।

मौसम — आज से कोहरा छंटेगा, सुबह-शाम रहेगी ठंड

# खिली धूप तो पारा 4.8 डिग्री सेल्सियस चढ़ा, चहकी जिंदगी

मौसम हुआ सुहावना तो चिड़ियाघर में उमड़ पड़े दर्शक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- पार्कों में रही भीड़, अच्छे मौसम का उठाया लुत्फ

**अमृत विचार :** राजधानी में शनिवार को सुबह से खिली धूप ने ठंड से राहत दिलाई। अधिकतम तापमान में करीब 4.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

वहीं न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से करीब 1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। द्वितीय शनिवार को अवकाश होने के कारण लोगों ने अच्छे मौसम का परिवार के संग पार्कों में आनंद उठाया। चिड़ियाघर, जनेश्वर मिश्र पार्क, प्रेरणा स्थल सहित अन्य पार्कों में लोगों की भीड़ रही।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी रविवार को न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे ठंड से राहत मिलेगी। उत्तरी-पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ने से 12 जनवरी से तापमान में फिर 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के आसार हैं, जिससे सुबह-शाम ठंड बढ़ने के बावजूद दिन में धूप निकलने से ठंड का प्रभाव कम रहेगा।



धूप का आनंद लेता हंसों का जोड़ा। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### हेलमेट न लगाने पर 70 वाहनों का चालान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार चल रहे अभियान के तीसरे दिन शनिवार को सघन कार्रवाई की गई। यह अभियान कोको इंडियन ऑयल जियामऊ और रामलाल एंड सन्स उतरठिया स्थित पेट्रोल पंपों पर चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल पंपों पर पहुंचे 70 दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। मौके पर एआरओ अजय, पीटीओ आभा त्रिपाठी और अनीता वर्मा मौजूद रहीं। अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं।

### सड़क पर शराब पीने वाले 1171 पर कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में सार्वजनिक शांति, कानून व्यवस्था और सामाजिक अनुशासन बनाए रखने के लिए लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। शुक्रवार रात को चलाये गये दो घंटे के विशेष अभियान में पुलिस ने 195 स्थानों पर चेकिंग कर 3657 व्यक्तियों की जांच की। कुल 1171 लोग शराब के नशे में धुत मिले। उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं, सात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 271 की कार्रवाई की गई। पुलिस ने 89 वाहनों का चालान काटा गया है।

### खेत गई युवती से दुष्कर्म, विरोध पर पीटा

**अमृत विचार, माल :** थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात को खेत में काम से गई युवती से युवक ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे बेरहमी से पीटा। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घर पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजन को बतायी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया है। एक गांव में रहने वाले किसान ने बताया कि 18 वर्षीय बेटी शुक्रवार देर रात करीब 11:30 बजे कुछ काम से खेत में गयी थी। इसी दौरान वहां आंट के गढ़ी सौरा गांव निवासी दुर्गेश कनौजिया वहां पहुंच गया। युवती को अकेला देख दुर्गेश ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़िता के विरोध करने पर उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी। पीड़िता ने शिकायत की बात कही तो आरोपी ने धमकाया। उसके बाद दुष्कर्म किया।

### फेक फर्म बनाकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑनलाइन फर्जी बिजनेस फर्म बनाकर इंटीरियर डेकोरेशन का सामान बेचने के नाम पर ठगी करने वाले दो सक्रिय अंतरराज्यीय अभियुक्तों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 16 डेबिट-क्रेडिट कार्ड, तीन मोबाइल फोन, पांच सिम कार्ड और नकदी बरामद की गई है। साइबर क्राइम सेल और कृष्णानगर पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी मोहित जोशी और गुलबीर दिल्ली के निवासी है। कृष्णानगर के रहने वाले व्यक्ति ने सस्ते दाम पर आर्टिफिशियल घास उपलब्ध कराने के नाम पर 1.65 लाख रुपये की साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने फर्जी बिल और ट्रैवल एजेंसी के दस्तावेज भेजकर एडवांस रकम म्यूल खातों में जमा कराई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे जस्ट डायल एप से डेकोरेशन डीलरों की प्रोफाइल खोजते थे। इसके बाद फर्जी सिम से बनाए गए व्हाट्सएप अकाउंट के जरिए संपर्क कर कम दाम में सामान देने का झांसा देते थे। डील पक्की होने पर जीएसटी इनवॉयस मैनेजर, ट्रांसपोर्ट बिल्टी मेकर और व्यापार इनवॉयस मेकर जैसे एप से फर्जी इनवॉयस और बिल्टी बनाकर भेजते थे।

# मंदिर के दीपक से घर में लगी आग, चार वर्ष की बच्ची की मौत

## दोनों बेटियों को सोता छोड़कर सब्जी लेने गए थे माता-पिता, बड़ी बेटी ने भागकर पड़ोसियों को दी सूचना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अविका (फाइल फोटो)

- आग पर काबू पाने के बाद बच्ची को पहुंचाया गया अस्पताल, नहीं बच सकी जान
- इंदिरानगर के सुगामऊ स्थित डूडा कॉलोनी की घटना

घर के अंदर जला सामान।

**अमृत विचार:** इंदिरानगर के सुगामऊ स्थित डूडा कॉलोनी में शुक्रवार रात मंदिर में जल रहे दीपक से घर में आग लग गयी। आग की चपेट में आने से चार साल की अविका की दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि घटना के समय माता-पिता दोनों बेटियों को सोता हुआ छोड़कर सब्जी लेने गए थे। आग की लपटें देख बिस्तर पर सो रही बड़ी बहन भागकर पड़ोस में पहुंची और जानकारी दी। पड़ोसियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। जानकारी पर घर पहुंचे माता-पिता ने आग बुझने के बाद झुलसी चार साल की बेटी अविका को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

सुगामऊ हनुमंतपुरम स्थित डूडा कॉलोनी सुमित पत्नी शिल्पी, छह साल की बड़ी बेटी पंखुड़ी और छोटी अविका (4) के साथ रहते हैं। वह प्राइवेट गाड़ी चालक है। पंखुड़ी निजी स्कूल में कक्षा-2 की छात्रा है। अविका प्री-नर्सरी की छात्रा थी। पिता सुमित ने बताया कि शुक्रवार रात वह काम खत्म करके घर पहुंचा। पत्नी ने दोनों बेटियों को बेड पर सुला दिया था। रात करीब 9 बजे सुमित पत्नी शिल्पी के साथ मंडी सब्जी खरीदने के लिए चले गए थे। उन्होंने बताया कि पत्नी ने घर में मंदिर में पूजा की थी। मंदिर में दीपक जल रहा था। उसी दीपक से पर्दे में लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

बड़ी बेटी पंखुड़ी ने बताया कि अचानक उसकी आंख खुली तो कमरे में आग लगी हुई थी। उसने अविका को जगाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं उठी। पंखुड़ी घर से बाहर भागी। उसने आस-पड़ोस के लोगों से मदद मांगी। आस-पड़ोस के लोगों ने आग बुझाने का कार्य शुरू किया। इसी बीच जानकारी मिलते ही सुमित और शिल्पी भागकर घर पहुंचे। वह पड़ोसियों के साथ आग बुझाने में जुट गए। किसी तरह उन लोगों ने आग पर काबू पाया। सुमित लोगों की मदद से घर के अंदर दाखिल हुआ। अविका काफी झुलस गई थी।

आनन-फानन में परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। वहां से राम मनोहर लोहिया संस्थान रेफर कर दिया गया। लोहिया में डॉक्टरों ने मासूम अविका को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही पुलिस ने घर पर छानबीन की। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि दीपक से घर में आग लगी थी। जिसमें झुलसकर मासूम अविका की मौत हुई है। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया।

# एटीएम में संदिग्धों ने की छेड़छाड़, निकाले रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा स्थित बायोटेक पार्क के पास लगे इंडियन ओवरसीज बैंक के एटीएम में जालसाजों ने छेड़छाड़ की। कार्ड लगाने के बाद भी कस्टमर के रुपये नहीं निकले और रुपये कटने का मैसेज आ गया। छानबीन करने पर सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध कैद मिले। बैंक के शाखा प्रबंधक की तहरीर पर गुडंबा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कुर्सी रोड स्थित बायोटेक पार्क के पास इंडियन ओवरसीज बैंक का एटीएम बूथ है। इंदिरानगर सी-ब्लॉक निवासी मनीष चतुर्वेदी बैंक के शाखा प्रबंधक हैं। उन्होंने बताया कि एटीएम के डिस्पेंसर में किसी ने छेड़छाड़ की। 6 जनवरी की सुबह 7:52 बजे को एक कस्टमर रुपये निकालने के लिए एटीएम बूथ पर पहुंचा। कस्टमर ने 15 हजार रुपये निकालने के लिए मशीन में इंट्री की। रुपये नहीं निकले। कस्टमर के जाने के बाद सुबह 8:46 बजे उसके 15 हजार रुपये निकाल लिए गए। खाते से रुपये कटने पर पीड़ित कस्टमर ने बैंक में शिकायत की। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की गयी तो पता चला कि सुबह 7:04 बजे संदिग्धों ने मशीन में छेड़छाड़ की थी।

# मांग में सिंदूर भर कर प्रेमी युगल ने रेल पटरी पर लेटकर दी जान

## कैंट सदर के एक ऑफिस में दोनों करते थे काम, मिले दो सुसाइड नोट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

दीपाली

सूर्यकांत

- सुशांत गोल्फ सिटी थाने में 8 जनवरी को युवती की गुमशुदगी दर्ज हुई थी
- तालकटोरा के राजाजीपुरम जलालपुर रेलवे फाटक की घटना

**अमृत विचार:** राजाजीपुरम में जलालपुर रेलवे फाटक के पास शनिवार दोपहर प्रेमी-प्रेमिका ने रेलवे पटरी पर लेटकर आत्महत्या कर ली। वंदे भारत ट्रेन से कटकर दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही तालकटोरा पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन में पता चला कि दोनों कैंट सदर में एक ही कंपनी में नौकरी करते थे। कई साल से प्रेम प्रसंग चल रहे थे। खुदकुशी से पहले प्रेमी ने प्रेमिका की मांग भरी और उसके बाद दोनों ने मौत को गले लगाया। ट्रैक के पास पड़े बैग में सुसाइड नोट मिले, जिसमें सभी से माफी मांगी और लिखा था- एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते। लापता युवती की गुमशुदगी सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज थी।

इंस्पेक्टर तालकटोरा कुलदीप दुबे ने बताया कि सूर्यकांत (35) निशातगंज वालदा कालोनी के रहने वाले थे और दीपाली (26) सुशांत गोल्फ सिटी के अजुर्नगंज शाहखेड़ा में रहती थीं। सूर्यकांत कुछ समय से नीलमथा में किराए पर रहते थे। दोनों एक ही कंपनी में काम करते थे। सूर्यकांत फील्ड का कार्य देखता था, जबकि दीपाली कैशियर थी। सूर्यकांत वर्तमान में नीलमथा में किराए के मकान में पत्नी सविता कांत और नौ वर्षीय बेटे अरमान के साथ रहता था।

राजाजीपुरम डी-ब्लाक निवासी प्रत्यक्षदर्शी विकास कुमार ने बताया कि दोनों शनिवार दोपहर करीब एक बजे से जलालपुर रेलवे फाटक के आस पास टहल रहे थे। करीब पौने दो बजे वंदे भारत ट्रेन आते देखकर दोनों रेलवे पटरी पर लेट गए। दोनों की कटकर मौत हो गई। दीपाली का सिर धड़ से अलग हो गया था। चश्मदीद ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही तालकटोरा पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंच गई। पास में एक बैग पड़ा था। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलन किए। बैग से दोनों के आधार कार्ड और दस्तावेजों से शव की शिनाख्त हुई। इसके बाद उनके परिवारवालों को फोन कर सूचना दी गई।

कुछ देर में ही सूर्यकांत और दीपाली के घरवाले वहां पहुंच गए। बताया जा रहा है कि वर्ष 2014 में निशातगंज निवासी सविता से सूर्यकांत की शादी हुई थी। सूर्यकांत के परिवार में पिता उमाकांत और बड़ा भाई चंद्रकांत हैं। वहीं, दीपाली के परिवार में पिता अमरेंद्र यादव, मां बबिता और भाई हर्ष हैं। पोस्टमार्टम हाउस पर परिवारवालों ने बात करने से इंकार कर दिया। सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि दीपाली की दो दिन पहले गुमशुदगी दर्ज हुई थी। लोकेशन के आधार पर टीमें तलाश कर रही थी। इस बीच दोपहर उसकी आत्महत्या की सूचना तालकटोरा पुलिस से मिली।

### दोनों ने सुसाइड नोट में मांगी माफी

इंस्पेक्टर ने बताया कि सूर्यकांत और दीपाली दोनों के पास से सुसाइड नोट मिला। सूर्यकांत ने पत्नी को संबोधित करते हुए लिखा कि तुम मेरा पहला प्यार हो। मुझे माफ कर देना। बेटे और परिवार का ख्याल रखना। मैं और दीपाली एक नहीं हो सकते हैं। इसलिए जान दे रहे हैं। वहीं, दीपाली ने अपने माता-पिता को लिखा कि मुझे माफ कर देना। मैं आपको अपने रिश्ते के बारे में बताकर नाराज नहीं करना चाहती थी। सामाजिक बदनामी होती। वह सूर्यकांत से बहुत प्यार करती है, इसलिए शादी करने के बाद जान दे रही है। दोनों ने खुद को मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

### किराए के कमरे में रहे दो दिन

सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि दीपाली 7 जनवरी को आफिस जाने के लिए घर से निकली थी। इसके बाद वह लौटकर घर नहीं पहुंची थी। घरवालों ने खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। 8 जनवरी को पिता ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। दोनों के पास से मिले साक्ष्यों से पता चला कि दो दिन तक वह किराए पर कमरा लेकर सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में ही रहे थे।

कमता तिराहे पर अवध बस अड्डे से निकलने वाली बसों के कारण लगे भयंकर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

# कारोबारी ने ऑफिस में खुद को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पार्टनर के साथ बैठक करने के बाद उठाया कदम

अभिषेक दत्त

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार स्थित रिवर व्यू मॉल के तीसरे तल पर स्थित कार्यालय में शनिवार शाम पार्टनर के साथ मीटिंग करने के बाद रियल एस्टेट कारोबारी अभिषेक दत्त ने अपनी कनपटी पर पिस्टल सटाकर गोली मार ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। छानबीन में पता चला कि कारोबारी कुछ दिन से तनाव में था।

मूल रूप से मध्यप्रदेश निवासी अभिषेक दत्त, पत्नी व दो बेटियों के साथ गोमतीनगर विस्तार स्थित ग्रीनवुड अपार्टमेंट में रहते हैं। उनका ऑफिस रिवर व्यू मॉल की दूसरी मंजिल पर स्थित है। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि सुबह से कई लोगों के फोन अभिषेक के मोबाइल पर आ रहे थे, जिसके चलते वह शनिवार दोपहर पार्टनर व अन्य लोगों के साथ मीटिंग करने के लिए ऑफिस आए थे। शाम पांच बजे बैठक के बाद अभिषेक ने खुद को गोली मार ली। आवाज सुनकर पार्टनर गोमतीनगर विस्तार निवासी अजय कुमार व अंसल निवासी अश्वनी मेहता अंदर आए तो अभिषेक खून से लथपथ पड़ा था। डॉयल-112 पर सूचना देने के बाद साले वैभव ने अभिषेक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गोली चलने की आवाज पर अंदर जाने वाले सभी लोगों से पुलिस ने पूछताछ की। सभी ने बताया कि जमीन कई लोगों को बेची गई थी, जिसका कब्जा नहीं दे पा रहे थे।

पुलिस ने बैठक में शामिल लोगों से बात की तो पता चला कि अभिषेक बाराबंकी में जमीन का काम कर रहे थे। पार्टनर के साथ मिलकर कई लोगों को जमीन बेची थी। ग्राहकों को कब्जा न मिलने पर लगातार दबाव बन रहा था।

# केजीएमयू का डॉक्टर व दो महिला स्टॉफ रडार पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**मतांतरण मामला**

**अमृत विचार:** केजीएमयू के आरोपी डॉक्टर रमीज का मतांतरण कांड सामने आने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर वहीं के कई अन्य डॉक्टर और स्टॉफ के लोग हैं। कॉल डिटेल के आधार पर रमीज के संपर्क में कई करीबी मिले हैं। उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। वहीं, पुलिस की दो टीमें धर्मांतरण के आरोपी पीलीभीत के काजी जाहिद हसन राना और गवाह शारिक की तलाश में दबिश दे रही हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि फरार होने के बाद प्रदेश के दूसरे जिलों और दिल्ली में रमीज को शरण देने वालों को पुलिस ने चिन्हित कर लिया है। पुलिस जल्द ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई करेगी। छानबीन में पता चला कि केजीएमयू से जुड़े कई लोग डॉ. रमीज की फरारी के दौरान भी उसके संपर्क में थे। वह उसे पुलिस की लगभग हर मूवमेंट के बारे में जानकारी देते रहे थे। पुलिस और जांच एजेंसियों के रडार पर केजीएमयू की दो महिला स्टॉफ और एक डॉक्टर है। पुलिस सर्विलांस की मदद से जांच कर रही है।

चौक पुलिस को डॉ. रमीज के पास से एक नया मोबाइल मिला है। आरोपी ने फरार होने के दौरान पुराना मोबाइल कहीं फेंक दिया था। पुलिस उसे बरामद करने का प्रयास कर रही है। इसके साथ ही पुलिस पुराने नंबर के सहारे उसके सोशल अकाउंट की डिटेल रिकवर करने के प्रयास में लगी है। पुलिस उसके नए मोबाइल को फॉरेंसिक लैब भेजकर सारा डिलीट डेटा जुटाने का प्रयास कर रही है।

## पार्षद के घर के सामने मिले गोवंश के अवशेष

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा के राजाजीपुरम सेक्टर-13 में शीतला देवी वार्ड से भाजपा पार्षद के घर के बाहर शनिवार सुबह मृत गोवंश का सिर व अवशेष मिले। सुबह जब पार्षद की पत्नी घर से बाहर निकलीं तो अवशेष देखकर परिवारवालों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले तो कुछ कुत्ते अवशेष खींचते दिखे हैं। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि भाजपा पार्षद अनूप कमल सक्सेना परिवार संग सेक्टर-13 में रहते हैं। पार्षद मेयर और नगर निगम के प्रतिनिधिमंडल के साथ गुजरात गए हैं। सूचना पर पार्षद ने तालकटोरा पुलिस और नगर निगम को सूचना दी। नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और अवशेष लेकर चली गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि सेक्टर-13 में नगर निगम का कूड़ा गिरता है। आशंका है कि कुत्ते वहीं से गोवंश के अवशेष लाए थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि लिखित शिकायत नहीं मिली है।

# परेशान होकर रचा था अपने अपहरण का नाटक

## 72 घंटे बाद कृष्णानगर पुलिस ने बरेली से विद्युतकर्मी को ढूंढ निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बोला- 40 लाख की देनदारी से था परेशान, न्यूड फोटो वायरल की मिल रही थी धमकी
- ऑनलाइन लोन एप पर ठगों ने अपने जाल में फंसा लिया था

रजनीश

**अमृत विचार:** खुद के अपहरण का मैसेज कर गायब हुए यूपीपीसीएल के मुख्य अभियंता कार्यालय के लापता सहायक रजनीश कुमार (35) को कृष्णानगर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से 72 घंटे बाद शनिवार को बरेली के सेटेलाइट बस स्टैंड के पास से बरामद कर लिया। छानबीन में पता चला कि रजनीश को ऑनलाइन लोन एप पर ठगों ने अपने जाल में फंसा लिया था। उसपर 40 लाख रुपये की देनदारी बाकी थी। रुपये के दबाव बनाने के लिए ऑनलाइन जालसाजों ने उसकी न्यूड फोटो बनाकर उसे भेज दी थी। रुपये न मिलने पर वायरल करने की धमकी दी थी। ब्लैकमेलिंग से छुटकारा पाने के लिए खुद के अपहरण का नाटक रचा था। करीब तीन घंटे की काउंसलिंग के बाद पुलिस ने रजनीश को उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया है।

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि पारा के राम विहार कॉलोनी निवासी रजनीश कुमार इंद्रपुरी कॉलोनी विजयनगर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय में सहायक पद पर कार्यरत है। मंगलवार को दोस्त को खुद के अपहरण का मैसेज कर मोबाइल बंद कर लिया था। मैसेज में लिखा था कि पांच लोगों ने उसका अपहरण कर लिया है, जानकारी भाई को दे दो। भाई सुनील कुमार की तहरीर पर कृष्णानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने करीब 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पुलिस कार्यालय पहुंची तो पता चला कि एक कर्मचारी की बाइक से रजनीश कृष्णानगर पहुंचा था। फिर मेट्रो से आलमबाग और वहां से कौशाम्बी के लिए बस पकड़ी थी। 8 बजे शाम उसकी लोकेशन कौशांबी मिली है। पुलिस ने बस चालक से संपर्क किया तो उसने रजनीश के बैठे होने की बात कही। पुलिस टीम लगातार सर्विलांस पर नजर रखे हुए थी।

शुक्रवार को अपहृत रजनीश कुमार ने परिवार को एक नए नंबर से कॉल कर बरेली में होने की बात कही। जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी भोलाखेड़ा बादल सिंह टीम लेकर रवाना हुए। उक्त नंबर पर कॉल की तो पता चला सेटेलाइट बस स्टेशन के पास एक चाय विक्रेता का है। पुलिस वहां पहुंची और रजनीश को सकुशल बरामद कर लखनऊ पहुंची। जानकारी मिलते ही परिजन व दोस्त भी आ गए।

कांसलिंग के दौरान रजनीश ने बताया कि वह कई माह से ऑनलाइन गेम खेलता था। कुछ माह पहले लोन एप का लिंक देखा। क्लिक किया तो जालसाज ने बात कर बिना केवाईसी के खाते में लोन दे दिया। पीड़ित ने बताया कि उसने जल्द ही लोन की रकम अदा कर दी लेकिन मोटा ब्याज दिखाया गया। इसके बाद उसने करीब आठ लोन एप से करीब 25 लाख का लोन लिया। यही नहीं दबाव पड़ने पर दोस्त समेत तीन परिचितों से भी 15 लाख उधार लिए थे, ताकि लोन की रकम चुका सके। रुपये देने के बाद भी उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था। उसकी न्यूड फोटो बनाकर उसे भेज दी थी। धमकाया था कि अगर रुपये नहीं मिले तो वायरल कर बदनाम कर देंगे।

**शिकंजा**

**छह से दस लाख रुपये में बनाकर देता था फर्जी डिग्री, एसटीएफ टीम ने छापा मारकर दबोचा**

# फर्जी बीएएमएस डिग्री बेचने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मो. तारूक

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने यूपी समेत कई राज्यों के मेडिकल संस्थानों की बीएएमएस की फर्जी मार्कशीट, डिग्री व प्रमाण पत्र तैयार करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस अंतरराज्यीय गिरोह के मुख्य सरगना मो. तारूक को एसटीएफ ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ करेली थाने में शुक्रवार देर रात को एफआईआर दर्ज की गई है। एसटीएफ इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेष प्रताप सिंह के अनुसार, मो. तारूक करेली स्थित अपने कार्यालय/क्लीनिक 'सावित्रीबाई फुले मेडिकल रिसर्च सेंटर' से फर्जी डिग्री का कारोबार चला रहा था। उसके कब्जे से एक कंप्यूटर सीपीयू, मोबाइल फोन, 32 जीबी पेन ड्राइव और बीएएमएस की 68 फर्जी मार्कशीट व प्रमाणपत्रों की प्रतियां बरामद की गई हैं। इस फर्जीवाड़े का खुलासा मिर्जापुर निवासी ब्रह्मानंद की शिकायत की जांच के दौरान हुआ। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मो. तारूक ने उससे करीब छह लाख रुपये लेकर बीएएमएस की फर्जी डिग्री और प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए। जांच में आरोप सही पाए जाने पर एसटीएफ की टीम ने छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**कई राज्यों में फैला है नेटवर्क :** डिप्टी एसपी के मुताबिक, पूछताछ में मो. तारूक ने कुबूल किया कि वह उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के नामी-गिरामी मेडिकल संस्थानों और विश्वविद्यालयों के नाम पर बीएएमएस की फर्जी डिग्री तैयार करता था। प्रत्येक डिग्री के लिए वह छह से दस लाख रुपये तक वसूलता था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपने और अपनी पत्नी के नाम से भी फर्जी बीएएमएस डिग्री बनवाई थी और इन्हीं डिग्रियों के आधार पर गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों का इलाज भी करता रहा। जिससे लोगों की जान को खतरा बना रहा। एसटीएफ ने आरोपी के खिलाफ करेली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

### साइबर ठगों को प्री-एक्टिवेटेड सिम बेचने वाला गिरफ्तार

शिहान शेख

**अमृत विचार, लखनऊ :** टेलीकॉम कंपनी के अधिकारियों से सांठगांठ कर साइबर अपराधियों को फर्जी तरीके से सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले गिरोह के सरगना को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था। एसटीएफ ने गुरुवार को मुंबई से दबोचा। उसे ट्रांजिट रिमांड पर प्रयागराज लेकर गई। जहां दर्ज मामले में दाखिल कर दिया गया।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेष प्रताप सिंह के अनुसार, शिहान शेख डिजिटल अरेस्ट, स्टॉक मार्केट फ्रॉड, पार्सल स्कैम जैसे साइबर अपराधों में इस्तेमाल होने वाले सिम कार्ड फर्जी तरीके से एक्टिवेट कर गिरोहों को सप्लाई करता था। वह वोडाफोन आइडिया कंपनी के कुछ अधिकारियों से मिलीभगत कर फर्जी पीओएस एजेंट बनवाता और उनकी आईडी के जरिए सिम एक्टिवेट कराता था। आरोपी शिहान शेख मूल रूप से प्रतापगढ़ का निवासी है। वर्तमान में कोलाबा, मुंबई में रह रहा था। उसे पुष्पा भवन, कोलाबा मार्केट स्थित कार्यालय से शाम 4:30 बजे गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो मोबाइल फोन, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, 12 एटीएम कार्ड, एक चेकबुक और 4880 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

एसटीएफ डिप्टी एसपी के मुताबिक, पूछताछ में सामने आया था कि शिहान शेख ने मुंबई में करीब 800 प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड ऊंचे दामों पर बेचे थे, जिस पर डीआईजी चित्रकूटधाम परिक्षेत्र ने उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

# जेल में दिए बयानों और फाइलों की जांच शुरू

- फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामले में ईडी की जांच तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामले में बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह के जेल में दिए गए बयानों की सच्चाई परखने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जांच तेज कर दी है। शुक्रवार को जेल में हुई पूछताछ के बाद शनिवार को ईडी की एक टीम ने अब तक जुटाए गए दस्तावेजों, आलोक सिंह की दोनों फर्मों के बैंक खातों और उसकी कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के आधार पर कई तथ्यों का आपस में मिलान किया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, जेल में पूछताछ के दौरान आलोक सिंह और उसके करीबी अमित टाटा ईडी के कई सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सके थे। इसी कारण शनिवार को ईडी ने आलोक से दोबारा पूछताछ नहीं की, बल्कि उसके बयानों की पुष्टि के लिए दस्तावेजी साक्ष्यों पर फोकस किया। छुट्टी का दिन होने के बावजूद ईडी के कई अधिकारी कार्यालय में मौजूद रहकर फाइलें खंगालते रहे। जांच में सामने आया है कि कफ सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल ने 'शैली ट्रेडर्स' नाम से कंपनी बनाने के बाद अपने नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया था।

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## सिटी ब्रीफ

### प्रसूताओं को खाना व नाश्ता मिलना बंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की किचन पिछले तीन दिनों से बंद है, जिससे प्रसूताओं को खाना-नाश्ता नहीं मिल रहा है। तीमारदार घर से खाना लाने को मजबूर हैं। आरोप है कि ठेकेदार ने रसोइयों का कई माह से भुगतान नहीं किया, जिसके चलते उन्होंने काम ठप कर दिया। वहीं वेंडर का कहना है कि अस्पताल में निर्माण कार्य के कारण पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे खाना बनना असंभव हो गया। सीएमओ कार्यालय ने जनवरी में सभी सीएचसी के लिए खाना-नाश्ते का टेंडर जारी किया था। एक कंपनी को ठेका मिला था, जिसके माध्यम से सभी सीएचसी में प्रसूताओं को दिन में करीब 135 रुपये का भोजन उपलब्ध कराया जाता था। छह माह से रसोइयों को भुगतान न होने के कारण वे काम बंद कर चुके हैं। अलीगंज सीएचसी में यह समस्या दिसंबर में भी सामने आई थी, तब भी करीब एक हफ्ते तक प्रसूताओं को खाना नहीं मिला। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने वेंडर को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है और समस्या जल्द हल करने का आश्वासन दिया है।

### मिस्टर-मिसेज लखनऊ का चयन 24 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी 24 जनवरी को जानकीपुरम स्थित सहारा स्टेट के जेबी लॉन में मिस्टर एंड मिसेज लखनऊ स्टार ऑइकन अवार्ड - 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश रिटेलर्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए अग्रवाल सर्राफ के मुखिया रत्नेश अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य फैशन के क्षेत्र में लखनऊ को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर टीवी कलाकार प्रीति सिंह, हिमांशु सिंघल, प्रीति सिंह चौहान, प्रवीन कुमार और मोनिका गुप्ता निर्णायक मंडल के सदस्य होंगे। कार्यक्रम में परी मेकवोअर्स एण्ड फैशन वर्ल्ड विशेष सहयोगी के रूप में शामिल है। परी मेकवोअर्स एण्ड फैशन वर्ल्ड की पूनम सिंह ने बताया कि यह आयोजन शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा।

### लखनऊ, अंबेडकरनगर की टीमों ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बैंक ऑफ बड़ौदा की अंतर-रीजन क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को खेले गए मुकाबलों में लखनऊ चार्जर्स और अंबेडकरनगर वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पार्थ ग्राउंड पर खेले गए पहले मुकाबले में लखनऊ चार्जर्स ने रायबरेली वॉरियर्स को 86 रन से पराजित किया। लखनऊ चार्जर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 175 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायबरेली वॉरियर्स की टीम लखनऊ के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और मात्र 89 रन पर सिमट गई। शिव सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए सात बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। दूसरे मुकाबले में अंबेडकरनगर वॉरियर्स ने टीम लॉयंस फतेहपुर को रोमांचक मुकाबले में चार रन से हराया। अंबेडकरनगर वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 98 रन बनाए, जिसमें विजय ने 26 रनों का योगदान दिया। जवाब में फतेहपुर की टीम 14.2 ओवर में 94 रन पर ऑलआउट हो गई।

### एशियन क्लब ने तलवार इवेंट प्लानर को हराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** कारपोरेट क्रिकेट लीग के एक मुकाबले में एशियन क्लब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तलवार इवेंट प्लानर को 53 रन से शिकस्त दे विजयी अंक हासिल किए। यह मुकाबला कैप ग्राउंड पर खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एशियन क्लब ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 182 रन बनाए। टीम की ओर से राजवीर सिंह ने 40 रन और अमान सिंह ने 36 रन की अहम पारी खेली। तलवार इवेंट प्लानर की गेंदबाजी में अमित और मनीष ने दो-दो विकेट हासिल किए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी तलवार इवेंट प्लानर की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी।

### पैरामाउंट क्लब ने दर्ज की आसान जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** 21वीं बीबीडी सी डिवीजन क्रिकेट लीग में पैरामाउंट क्लब ने बीबीडी कॉलेज को 121 रन से हराकर पूरे अंक पर कब्जा किया। डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पैरामाउंट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में सात विकेट खोकर 275 रन का मजबूत स्कोर बनाया। पैरामाउंट की ओर से अंश चौधरी ने शानदार पारी खेली। उन्होंने 83 गेंदों पर 12 चौके और एक छक्के की मदद से 98 रन बनाए। बीबीडी कॉलेज की तरफ से विशाल यादव और उज्ज्वल सिंह ने दो-दो विकेट हासिल किए।

# पानी भरने से दोगुना हो गया था बच्चे का सिर, डॉक्टरों ने मासूम को दिया नया जीवन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जन्मजात हाइड्रोसेफेलस से पीड़ित बच्चे के सिर की जटिल सर्जरी सफल
- निजी अस्पतालों में दो लाख का इलाज केजीएमयू में 10 हजार में हुआ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने 11 माह के एक मासूम बच्चे के सिर की जटिल सर्जरी कर उसे नया जीवन देने में सफलता हासिल की है।

आलमबाग स्थित जेल रोड निवासी विकास महतो के बच्चे को जन्मजात बीमारी हाइड्रोसेफेलस थी। चिकित्सा विज्ञान में इस बीमारी में मस्तिष्क में पानी भरने लगता है। बच्चे के सिर का आकार सामान्य से काफी अधिक बढ़ गया था और उसकी आंखें तक दबने लगी थीं। गर्भावस्था के आठवें महीने में ही डॉक्टरों ने परिजनों को बच्चे के सिर में पानी होने की जानकारी दे दी थी। जन्म के बाद संक्रमण के

पीड़ित बच्चा

चलते बच्चे को दो महीने तक आईसीयू में रखना पड़ा। निजी कारणों से समय पर इलाज नहीं हो सका, जिससे बच्चे की स्थिति और गंभीर हो गई। परिजनों ने पहले कई अस्पतालों में बच्चे का इलाज कराया, लेकिन कोई लाभ नहीं मिला। इसके बाद वे बच्चे को लेकर केजीएमयू पहुंचे, जहां पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. जेडी रावत ने जांच के बाद ऑपरेशन की सलाह दी।

डॉ. जेडी रावत ने बताया कि सामान्य रूप से 11 माह के बच्चे के सिर का व्यास 43 से 47 सेंटीमीटर होता है, जबकि इस बच्चे के सिर का आकार 84 सेंटीमीटर तक पहुंच गया था। सिर का आकार बढ़ने से आंखों पर भी दबाव पड़ रहा था। आठ जनवरी को बच्चे के सिर में शंट डालकर सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद सिर में जमा पानी कम हो रहा है और बच्चे के सिर का आकार धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में पहुंच रहा है।

ऑपरेशन में शामिल रही चिकित्सकों की टीम के साथ बच्चा व उसकी मां। अमृत विचार

### दो लाख की सर्जरी हुई मात्र 10 हजार में

- पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डॉ. राहुल जैन ने बताया कि उत्तर प्रदेश में सरकारी स्तर पर इस तरह का इलाज केवल केजीएमयू में उपलब्ध है। निजी अस्पतालों में इस सर्जरी पर करीब दो लाख रुपये तक का खर्च आता है, जबकि केजीएमयू में पूरे इलाज पर लगभग 10 हजार रुपये ही खर्च हुए हैं।

### ऑपरेशन टीम

- इस सफल सर्जरी को अंजाम देने वाली टीम में डॉ. जेडी रावत, डॉ. प्रीति कुमारी, एनेस्थीसिया विभाग की डॉ. आयुषी बग्गा और नर्सिंग स्टाफ संजय व संतोष शामिल रहे।

बच्चे की तबीयत में लगातार सुधार हो रहा है।

### ईएसआईएस के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसजीपीजीआई के को केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआईएस) के सहयोग से जागरूकता सत्र और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. आर हर्षवर्धन, निदेशक डॉ. आर के धीमन, लखनऊ जोन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार समेत अन्य विशेषज्ञों ने ईएसआई योजनाओं, लाभ, कार्ड प्रक्रिया और दावों पर मार्गदर्शन दिया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेंद्र गुप्ता ने ईएसआई सेवाओं के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया। निदेशक ने ईएसआई कार्यकर्ताओं के मानसिक स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर काम के बारे में चर्चा की।

# उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना बनी आफत

## 50 हजार से अधिक मामलों में फंसा पंजीकरण डेटा, चक्कर लगाने को मजबूर उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पावर कॉरपोरेशन की ओर से बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से लाई गई एकमुश्त समाधान योजना अब उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। योजना के तहत पंजीकरण कराने और आंशिक भुगतान करने वाले हजारों उपभोक्ताओं का डेटा उपकेंद्रों पर उपलब्ध नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें भुगतान की रसीद लेकर बार-बार बिजली उपकेंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं के सामने जमा की गई धनराशि के डूबने का खतरा खड़ा हो गया है।

योजना का लाभ उठाने के लिए लाखों उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया और बकाया बिजली बिल के समायोजन के लिए पहली किश्त भी जमा की। बड़े बकायेदारों से लेकर बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ताओं तक ने इस योजना के माध्यम से अपने बिल निपटाने की कोशिश की। कई उपभोक्ताओं ने पार्ट पेमेंट की सुविधा का सहारा लिया, लेकिन अब जब वे दूसरी किश्त या शेष राशि जमा करने उपकेंद्र पहुंच रहे हैं तो उनका पंजीकरण डेटा सिस्टम में नहीं मिल रहा है। उपभोक्ताओं को कभी सर्वर की समस्या तो कभी तकनीकी खामियों का हवाला देकर लौटा दिया जा रहा है।

चौक के घंटाघर क्षेत्र निवासी राशिद ने बताया कि उनके ऊपर करीब डेढ़ लाख रुपये का बिजली बिल बकाया था। एकमुश्त समाधान योजना के तहत छूट मिलने के बाद उनका अंतिम बिल एक लाख पांच हजार रुपये तय हुआ। पंजीकरण के समय उन्होंने 20 हजार रुपये जमा किए थे, लेकिन शेष भुगतान करने उपकेंद्र पहुंचे तो रसीद दिखाने के बावजूद पंजीकरण का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। इसी तरह अहिबरनपुर उपकेंद्र पर बिल जमा कराने पहुंचीं पूजा कश्यप ने बताया कि उन्होंने योजना के तहत 28 हजार रुपये जमा किए थे, लेकिन दूसरी किश्त जमा करते समय सिस्टम में उनका भुगतान दर्ज नहीं मिला। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस तरह के करीब 50 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के मामले फिलहाल फंसे हुए हैं।

अभी तक मेरी जानकारी में ऐसा कोई मामला नहीं आया है। फिर भी यदि पंजीकरण की धनराशि जमा है तो उसकी जानकारी मिल जाएगी। तकनीकी कारणों से कुछ समस्याएं आ सकती हैं, लेकिन उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस मामले को जल्द ही ठीक करने के निर्देश जारी किए जाएंगे।

-वीपी सिंह, मुख्य अभियंता, जानकीपुरम जोन

### विद्युत संशोधन बिल का ड्राफ्ट सार्वजनिक करने की मांग

- **अमृत विचार, लखनऊ :** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने संसद की ऊर्जा मामलों की स्टैंडिंग कमेटी से प्रस्तावित विद्युत संशोधन बिल का ड्राफ्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। फेडरेशन का कहना है कि ड्राफ्ट सभी हितधारकों को उपलब्ध कराया जाए और उस पर 31 मार्च तक टिप्पणी देने का अवसर दिया जाए, ताकि व्यापक सहमति बन सके। फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने इस संबंध में केंद्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल को पत्र भेजा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संशोधन बिल को बिना चर्चा और पारदर्शिता के जल्दबाजी में संसद से पारित कराने का प्रयास किया गया, तो देशभर के बिजली कर्मचारी आंदोलन और हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। शैलेंद्र दुबे ने कहा कि स्टैंडिंग कमेटी द्वारा सुझाए गए नए ड्राफ्ट पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर की 22 और 23 जनवरी को राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों के साथ बैठक प्रस्तावित है। फेडरेशन ने साफ किया कि सभी हितधारकों की भागीदारी के बिना किसी भी संशोधन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उप्र आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय पर प्री बजट पर चर्चा करते व्यापारी।

# व्यापारियों ने की रिटेल ट्रेड पॉलिसी की मांग

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय पर हुई प्री बजट पर चर्चा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्री -बजट चर्चा का आयोजन हुआ। जिसमें व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी ,चार्टर्ड एकाउंटेंट, उद्योगपति एवं कर विशेषज्ञ मौजूद रहे।

प्री बजट चर्चा में उठे सभी विषयों का संकलन कर केंद्रीय वित्तमंत्री को संगठन द्वारा ई मेल के माध्यम से भेजने का निर्णय लिया गया। व्यापारियों बैठक में चर्चा कर देश में ई कॉमर्स का प्रचलन बढ़ने के कारण रिटेल सेक्टर के व्यापार में आ रही गिरावट एवं व्यापारियों को आ रही समस्याओं पर भी चिंतन किया तथा देश में तुंरत ई कॉमर्स पॉलिसी बनाए जाने तथा रिटेल ट्रेड पॉलिसी की भी आवश्यकता पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि रिटेल सेक्टर में 100 प्रतिशत एफडीआई आने से देश का रिटेल सेक्टर चौपट हो रहा है। इसके अलावा व्यापारियों के लिए 10 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा की मांग की।

बैठक में संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाथ त्रिपाठी, चार्टर्ड अकाउंटेंट बीके गुप्ता, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा, प्रदेश उपाध्यक्ष इकबाल हसन एवं उद्योगपति आसिफ किदवई, मनीष वर्मा, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ,वरिष्ठ व्यापारी अनुज गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता ,भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के चेयरमैन कमल अग्रवाल, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मनोज सिंह, राजू जायसवाल उपस्थित रहे।

### इन मांगों पर हुई चर्चा

- आयकर की नई योजना में 2 लाख रुपये के ब्याज का लाभ मिलना चाहिए, नेशनल फेसलेस स्कीम में सभी आयकरदाताओं को पर्सनल फिजिकल एपीयरेंस का अवसर मिलना चाहिए, एलएलपी और पार्टनरशिप फर्म पर 30 प्रतिशत की जगह टैक्स 22.5 प्रतिशत किया जाए, सेस की दर 3 से कम करके 1 प्रतिशत की जाए, आयकर की धारा 44 एडी में वर्तमान लिमिट 1.5 करोड़ से 5 करोड़ की जाए, शेयर और म्यूचुअल फंड पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर छूट 1 लाख से पांच लाख हो, कॉमर्शियल लोन की दरें घटाई जायें, बजट ऐसा हो जो आम आदमी की समझ में आए, बाजारों में सीसीटीवी कैमरा की योजना शुरू की जाए।

# 892 निर्माण श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत एवं अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए मोबाइल हेल्थ यूनिट के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत 23 दिसंबर 2025 को श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग के मंत्री द्वारा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण श्रमिकों को कार्यस्थल के निकट बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

यह स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम शालीमार वन वर्ल्ड, ओमैक्स ग्रांड, शालीमार गैलेन्ट, अमौसी एयरपोर्ट, एल्डिकों आईआईएम रोड सहित अन्य निर्माण स्थलों पर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया जा रहा है, साथ ही उत्तर प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। मोबाइल हेल्थ यूनिट के माध्यम से श्रमिकों का कुल 45 मापदंडों पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

अब तक जनपद लखनऊ में 892 निर्माण श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। यह अभियान 26 जनवरी तक निरंतर संचालित रहेगा। शनिवार को यह कार्यक्रम शालीमार वन वर्ल्ड, गोमती नगर विस्तार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव, शालीमार वन वर्ल्ड के पदाधिकारी एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार द्वारा किया जा रहा है।

स्वास्थ्य परीक्षण के मौके पर मौजूद अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव व अन्य।

### ठाकुरगंज अस्पताल में कैंसर जांच की सुविधा

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज टीबी संयुक्त अस्पताल आने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अब यहां इलाज कराने वाले मरीजों को कैंसर समेत अन्य गंभीर बीमारियों की जांच के लिए दूसरे सरकारी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ठाकुरगंज टीबी संयुक्त अस्पताल और बीकेटी स्थित राम सागर मिश्र संयुक्त अस्पताल (आरएसएम) के बीच एमओयू होने के बाद कई महत्वपूर्ण और विशेष प्रकार की खून की जांचें यहां से ही संभव हो सकेंगी।ठाकुरगंज टीबी संयुक्त अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि अब पेप स्मीयर, साइटोलॉजी, कल्चर, माइक्रोबायोलॉजी, पीएसए, विटामिन बी-12 समेत कई जांचें कराई जा सकेंगी। अब तक इन जांचों के लिए मरीजों को अन्य सरकारी अस्पतालों में रेफर किया जाता था।

## सिटी डायरी

घायल को कार से ट्रॉमा ले जाते हुए परिवारीजन।

### घायल बैंक कैशियर तड़पता रहा एक घंटे तक नहीं पहुंची एंबुलेंस

**अमृत विचार, माल :** माल-भरावन मार्ग पर शनिवार शाम सड़क हादसे में अलीगंज निवासी 45 वर्षीय बैंक कैशियर प्रमोद त्यागी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवारीजनों का आरोप है कि एक घंटे तक एंबुलेंस न आने पर उन्हें निजी वाहन से ट्रॉमा सेंटर ले जाना पड़ा। हादसा थाना क्षेत्र के सालेहनगर गांव के पास शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुर्घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। समय पर एंबुलेंस न मिलने से लोग खुद ही घायल को अस्पताल ले गए। बाइक से सीएचसी लाने पर डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताई और ट्रॉमा सेंटर रेफर किया। इसके बाद हेल्पलाइन नंबर 06:02 बजे संपर्क किया गया, लेकिन एंबुलेंस एक घंटे तक नहीं पहुंची। इस दौरान घायल स्ट्रेचर पर दर्द से कराहता रहा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही पर सवाल उठे हैं।

एआई कन्वर्जेंस समिट में मौजूद लोग।

### एआई कन्वर्जेंस समिट का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत की पहली एआई-ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से अपनी तरह की पहली एआई कन्वर्जेंस समिट 2026 का आयोजन उन्नाव में किया। समिट में भारत के अलावा अमेरिका, डेनमार्क, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम के एआई विशेषज्ञ, पॉलिसी मेकर्स, ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर्स, स्टार्ट-अप्स, इन्वेस्टर्स और शिक्षाविद शामिल हुए। समिट के तहत भारत का पहला एआई हेल्थकेयर हैकाथॉन भी आयोजित किया गया, जिसमें देश भर से 1,500 टीमों के 5,000 से अधिक युवा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। युवाओं ने हेल्थकेयर क्षेत्र से जुड़े 100 से अधिक प्रॉब्लम स्टेटमेंट्स पर टेक्नोलॉजी-ड्रिवेन एआई समाधान तैयार किए।



प्रेसवार्ता करते आध्यात्मिक गुरु ऋतेश्वर महाराज।

### भारत आदि काल से हिन्दू राष्ट्र है

**अमृत विचार, लखनऊ :** आध्यात्मिक गुरु और प्रखर वक्ता ऋतेश्वर महाराज शनिवार को लखनऊ पहुंचे। लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा के आवास पर उन्होंने बड़ी संख्या में भक्तों को दर्शन दिए। इसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने शिक्षा व्यवस्था और राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार रखे। ऋतेश्वर महाराज ने कहा कि भारत को अलग से हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह आदि काल से ही हिन्दू राष्ट्र रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान प्रांत प्रचारक कौशल, विभाग प्रचारक अनिल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधायक गोंडा सदर प्रतीक भूषण सिंह, संपर्क प्रमुख सचिन गुप्ता मौजूद रहे।

**आयोजन** | लखनऊ के साहित्यकारों ने श्रद्धांजलि सभा में किया रचनात्मक योगदान का स्मरण

# याद किए गए प्रख्यात कथाकार ज्ञान रंजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रसिद्ध कथाकार और चर्चित साहित्यिक पत्रिका पहल के संपादक ज्ञान रंजन की स्मृति में कैसरबाग स्थित बलराज साहनी सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में लखनऊ के साहित्यकारों, प्रगतिशील संगठनों और सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने उनके साहित्यिक, वैचारिक और संपादकीय योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर इप्टा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, महामंत्री शहजाद रिज़वी, भगवान स्वरूप कटियार, कामरेड परमानंद सहित अन्य वक्ताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। लक्ष्मी कांत शर्मा ने उनके साथ बिताए वर्षों की स्मृतियां साझा कीं। कार्यक्रम का संचालन इरा श्रीवास्तव ने किया। शुरुआत पुष्पांजलि से हुई और अंत में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम में मौजूद साहित्यकार।

### सठोत्तरी पीढ़ी के अग्रणी कथाकार

- जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर ने कहा कि ज्ञान रंजन केवल लेखक नहीं, बल्कि सक्रियतावादी रचनाकार थे। वे सठोत्तरी पीढ़ी के अग्रणी कथाकारों में शामिल रहे, जिन्होंने आज़ादी के बाद के सामाजिक यथार्थ को अपनी कहानियों का आधार बनाया। उनकी रचनाओं में यथार्थ को देखने की आधुनिक और प्रगतिशील दृष्टि मिलती है। उन्होंने पारंपरिक कथा लेखन से अलग कहानी को नई भाषा और नया शिल्प दिया। साहित्यिक जीवन के दूसरे चरण में पहल पत्रिका के माध्यम से उन्होंने प्रगतिशील आंदोलन को नई दिशा दी।

### कहानियों ने बनाया अमर

जनवादी लेखक संघ के महासचिव नलिन रंजन सिंह ने कहा कि ज्ञान रंजन हिंदी साहित्य के विशिष्ट कथाकार और सफल संपादक के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। घंटा, बहिर्गमन और पिता जैसी कहानियों ने उन्हें विशेष पहचान दिलाई। उन्होंने मध्यवर्ग की नई पीढ़ी को सशक्त ढंग से अभिव्यक्त किया और सामाजिक व्यवस्था में मौजूद विभेदीकरण को अपनी रचनाओं में गहराई से उजागर किया।

### रचनात्मक और वैचारिक संघर्ष

प्रगतिशील लेखक संघ लखनऊ की अध्यक्ष रीता चौधरी ने कहा कि ज्ञान रंजन का संघर्ष रचनात्मक के साथ-साथ वैचारिक भी था। पहल के जरिए उन्होंने न केवल नए लेखकों को मंच दिया, बल्कि विश्व साहित्य से हिंदी समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने भले ही कम कहानियां लिखीं, लेकिन वे आज़ादी के बाद के यथार्थ का सशक्त आईना हैं।

कंबल वितरित करते हुए प्रो. आर हर्षवर्धन व क्लब के सदस्य।

### एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में रोगी परिजन को बांटे कंबल

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में इनर व्हील क्लब के सहयोग से रैन बसेरा में ठहरने वाले रोगी परिजन के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. आर हर्षवर्धन, क्लब की अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी सिंह सहित क्लब के सदस्य, संकाय और अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे। इनर व्हील क्लब ने इसे अपनी सामाजिक सेवा बताया।

## सिटी ब्रीफ

### कूह और लाइफ केयर के बीच मुकाबला आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की देखरेख में आयोजित आठवां सुबोध मेमोरियल कैश प्राइज सीनियर डिवीजन टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट रविवार से शुरू हो रहा है। इस टूर्नामेंट में लखनऊ की शीर्ष आठ ए डिवीजन की टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों में कूह स्पोर्टिंग, लाइफ केयर क्रिकेट क्लब, आरईपीएल, यार्कर क्रिकेट क्लब, एलडीए, ध्रुव क्रिकेट अकादमी, अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब और यूपी टिंबर शामिल हैं। उद्घाटन दिवस पर जीसीआरजी ग्राउंड में पहला मुकाबला कूह स्पोर्टिंग और लाइफ केयर क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा। वहीं दिन का दूसरा मुकाबला आरईपीएल और यार्कर क्रिकेट क्लब के बीच होगा। टी-20 प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 20 जनवरी को खेला जाएगा। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबलों के साथ युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार मौका मिलेगा।

### अनुशासनहीनता पर तीन खिलाड़ियों पर गिरी गाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) ने अनुशासनहीनता के मामलों को गंभीरता से लेते हुए तीन क्रिकेट खिलाड़ियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। अनुशासन समिति की विस्तृत जांच के बाद यह निर्णय लिया गया। सीएएल के पीआरओ अभिजीत सरकार ने बताया कि पहले मामले में अजीत वर्मा और हिमांशु सिंह को दोषी पाया गया। दोनों खिलाड़ियों ने एक टूर्नामेंट में सीएएल की टीम से खेलने से इनकार किया और उसी टूर्नामेंट में किसी अन्य टीम का प्रतिनिधित्व किया। इस अनुशासनहीनता के चलते उन्हें 11 जनवरी से शुरू हो रहे सुबोध मेमोरियल सीनियर डिवीजन टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। दूसरे मामले में शौर्य सिंह को मेजर शहीद अमेय त्रिपाठी क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान मैदान पर अनुशासनहीन व्यवहार का दोषी पाया गया। उन्हें बीबीडी लीग ए डिवीजन के दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया। सीएएल ने तीनों खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा होने पर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसोसिएशन ने कहा कि नियमों का उल्लंघन किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बीबीएयू ने लिया विकसित भारत का संकल्प

## विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहा 30वां स्थापना दिवस, आज होगा सामाजिक परिवर्तन पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्या के मंदिर से राष्ट्र निर्माण की नींव तभी मजबूत होती है जब विचार नवाचार में बदलें। इसी संकल्प के साथ बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शनिवार को तीन दिवसीय 'विश्वविद्यालय दिवस' का शुभारंभ हुआ। 30 वर्षों के सफर को याद करते हुए वक्ताओं ने आगामी 22 वर्षों यानी 2047 तक बीबीएयू को वैश्विक ज्ञान केंद्र बनाने का रोडमैप साझा किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार प्रो. केवी राजू ने कहा कि अब विश्वविद्यालय का आंकलन केवल डिग्री बांटने से नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानकों और 'आउटकम' के आधार पर होगा। उन्होंने पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप और एआई के समावेश पर जोर देते हुए कहा कि बीबीएयू को दुनिया के विद्यार्थियों की पहली पसंद बनाना हमारा लक्ष्य है।

विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर मंच पर उपस्थित कुलपति व अन्य अतिथि। अमृत विचार

### रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाले बनें युवा : कुलपति

- अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने युवाओं में उद्यमिता की भावना भरने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति केवल आर्थिक मजबूती से नहीं, बल्कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सहभागिता से संभव है। प्रो. मित्तल ने स्पष्ट किया कि अब पुस्तकीय ज्ञान के साथ कौशल आधारित सूक्ष्म पाठ्यक्रमों और भारतीय ज्ञान परंपरा की ओर लौटना समय की मांग है।

### दिखा गौरवशाली सफर, बुकलेट का विमोचन

- समारोह में विश्वविद्यालय के मीडिया सेंटर द्वारा निर्मित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। जिसने 30 साल के संघर्ष और सफलता को पर्दे पर जीवंत कर दिया। इस अवसर पर 'संस्थागत विकास योजना' की बुकलेट का विमोचन भी किया गया। पूर्व कुलपति प्रो. बी. हनुमैया और प्रो. फुरकान कमर ने भी विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लता बाजपेयी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. शूरा दारापुरी ने किया।

### आज के कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु

- 3एफ का दिया मंत्र : प्रो. फुरकान कमर ने उच्च शिक्षा के लिए 'फंडिंग, फैकल्टी और फ्रीडम' को अनिवार्य बताया।
- यूपी का मॉडल : प्रो. केवी राजू बोले विकसित भारत के लिए सुझाव लेने में यूपी देश का अग्रणी राज्य।

### समरसता और स्वदेशी से सिद्ध होगा 'विकसित भारत' का सपना

- विश्वविद्यालय दिवस के दूसरे दिन रविवार को 'सामाजिक परिवर्तन' पर मंथन होगा। संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा और हिंदी संस्थान के प्रो. सदानंद प्रसाद गुप्त जैसे दिग्गज जुटेंगे। चर्चा का मुख्य केंद्र बिंदु समरसता, अपनी भाषा का संरक्षण और पर्यावरण के प्रति कर्तव्यबोध होगा।

# कमर्शियल चैलेंजर्स ने जीत से शुरू किया अभियान

- अंबर प्रताप सिंह और विशाल ने की धमाकेदार बल्लेबाजी
- उद्घाटन मैच में ऑपरेटिंग एवेंजर्स को 15 रनों से हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ की देखरेख में ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में शनिवार से अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट लीग (आईडीएल) का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच में अंबर प्रताप सिंह और विशाल की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर कमर्शियल चैलेंजर्स ने ऑपरेटिंग एवेंजर्स को 15 रनों से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए कमर्शियल चैलेंजर्स ने बिना किसी विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अंबर प्रताप सिंह ने 71 रन और विशाल ने 72 रनों की नाबाद पारी खेली। दोनों ने आकर्षक शॉट्स से दर्शकों का मनोरंजन किया और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑपरेटिंग एवेंजर्स की टीम दो विकेट खोकर 143 रन ही बना सकी। ओमप्रकाश ने 37 और अब्बास ने 30 रन बनाए, लेकिन टीम जीत नहीं सकी।

उद्घाटन अवसर पर डीआरएम गौरव अग्रवाल ने सभी टीमों के कप्तानों और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल में जज्बा, जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) भुवनेश सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) नीतू और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### एडीआरएम इंफ्रा. ने एडीआरएम ऑपरेशन को दी मात

- आठ-ओवर के मैत्री मैच में एडीआरएम (ऑपरेशन) ने पहले बल्लेबाजी कर 64 रन बनाए, जिसमें अंबर प्रताप सिंह ने 40 रन बनाए। जवाब में एडीआरएम (इंफ्रा.) ने दो विकेट खोकर 65 रन बनाकर जीत दर्ज की। भुवनेश सिंह ने 18 और प्रदीप ने 17 रन की पारी खेली।

# हिंदी को संयुक्त राष्ट्र की भाषा बनाने के लिए मित्र देशों का साथ जरूरी

- संगोष्ठी में वैश्विक स्तर पर हिंदी के सम्मान और प्रचार पर हुई चर्चा
- फिल्मों और ग्लोबल प्रयासों ने बढ़ाया हिंदी का गौरव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग ने 'हिंदी का वैश्विक परिदृश्य और संयुक्त राष्ट्र संघ' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उचित सम्मान दिलाने और संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बनाने के लिए ठोस रणनीति पर बल दिया।

मुख्य वक्ता समता मंच के सचिव ध्रुव चंद्र मिश्रा ने कहा कि हिंदी बोलने वालों की संख्या विश्व में अत्यधिक है और यह मान्यता के सभी मानकों को पूरा करती है। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय ने कहा कि हिंदी को ग्लैमर, फैशन और रोजगार की भाषा बनाने की दिशा में और प्रयास जरूरी हैं। मित्र देशों का सहयोग मिलकर हिंदी को संयुक्त राष्ट्र में मान्यता दिला सकता है। संगोष्ठी में वर्ष 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाने का महत्व भी बताया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुधा मौर्या ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने प्रसिद्ध कवि केदारनाथ सिंह की कविता के साथ किया। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण कुमार पांडेय, अजय मौर्या, अखंड और बड़ी संख्या में छात्र व विश्वविद्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्रों को मिलेगा विशेष पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ:** सेक्टर-क्यू, अलीगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र का एक दिवसीय प्रवास संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए घोषणा की कि 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। हेमचंद्र ने कहा कि विद्या भारती का मुख्य लक्ष्य समाज के शैक्षिक स्तर को ऊँचा उठाना और संस्कारवान बालकों का निर्माण करना है। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बचपन का उदाहरण देकर युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान 'अभिज्ञान' की निदेशक डॉ. गरिमा के मार्गदर्शन में बच्चों ने बंद आंखों से वस्तुओं को पहचान कर मन की एकाग्रता का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया।

# पुरानी यादों से महका डीएवी कॉलेज परिसर

## पुनर्मिलन समारोह 'एक दिन मित्रों के साथ' में मिले पूर्व छात्र, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

- उपमुख्यमंत्री ने मेधावियों और वरिष्ठों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऐशबाग स्थित डीएवी महाविद्यालय के प्रांगण में शनिवार को पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन समारोह 'एक दिन मित्रों के साथ' उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कॉलेज के विकास के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और खेल मैदान के सुंदरीकरण तथा शौचालय निर्माण के लिए धन आवंटन का आश्वासन दिया।

समारोह का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रबंधक आनंद तिवारी और प्राचार्य राजीव त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद डॉ. रामगोपाल मिश्रा और पूर्व छात्र वेलफेयर यूनियन के सदस्यों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। उपस्थित जनसमूह ने दिवंगत प्रबंधक मनमोहन तिवारी को पुष्पांजलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री ने महाविद्यालय में गरीब मेधावी बच्चों की शिक्षा के विशेष प्रबंध करने का आग्रह किया और वेलफेयर यूनियन की जायज मांगों को प्राथमिकता से पूरा करने का आश्वासन दिया।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को माला पहनाकर सम्मानित करते पूर्व छात्र।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक संग्राम सिंह चौहान, डॉ. संतोष अग्निहोत्री, प्रोफेसर आरपी शुक्ला समेत लगभग तीन दर्जन वरिष्ठ छात्र नेताओं को सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा के अनुसार 15 शिक्षकों और 75 पूर्व छात्र पदाधिकारियों सहित कुल लगभग 150 लोगों को स्मृति चिह्न और शॉल देकर सम्मानित किया गया। देश-विदेश में नाम रोशन कर रहे पूर्व छात्र रमेश श्रीवास्तव, सरोज तिवारी और माधुरी भूषण भी उपस्थित रहे।

पुनर्मिलन के इस अवसर पर गायक करतार सिंह की मधुर आवाज ने पुरानी यादें ताजा कीं। पूर्व छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और लजीज व्यंजनों का आनंद लेते हुए कॉलेज के दिनों की यादें साझा कीं। मंच का संचालन महामंत्री मनोज राय, मनोज श्रीवास्तव और रमन बाजपेई ने किया।

# सनी की बल्लेबाजी से यूपीजेएल चैंपियन

- तीन मैचों की श्रृंखला में यूपीएएसटी को दी मात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश एडवोकेट्स स्पोर्ट्स ट्रस्ट (यूपीएएसटी) और उत्तर प्रदेश ज्यूडिशल लॉयंस (यूपीजेएल) के बीच खेली गई तीन मैचों की श्रृंखला का अंतिम मुकाबला शनिवार को बीकेटी स्थित एसएआर क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में यूपीजेएल ने यूपीएएसटी को 25 रनों से पराजित कर श्रृंखला का खिताब अपने नाम किया।

मैच से पहले यूपीएएसटी के डायरेक्टर ऑपरेशन एवं आयोजन संयोजक अधिवक्ता वैभव जैन ने दोनों टीमों का स्वागत किया। टॉस जीतकर यूपीएएसटी एकादश ने यूपीजेएल को पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपीजेएल ने निर्धारित ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाए। सिवेश सिंह ने 16 गेंदों में 33 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई, हालांकि मध्यक्रम में यूपीजेएल की पारी कुछ समय के लिए लड़खड़ा गई। ऐसे में सनी कर्दम ने मोर्चा संभालते हुए शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। सनी ने 49 गेंदों में चौकों और तीन छक्कों की मदद से 76 रनों की विस्फोटक पारी खेली और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपीएएसटी एकादश नौ विकेट के नुकसान पर 165 रन ही बना सकी। अभि, अब्दुल्ला, निखिल और रितिक ने रन चेज को संभालने का प्रयास किया, लेकिन यूपीजेएल के गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा। आदित्य रंजन और मोरध्वज शुक्ला ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट झटके और यूपीएएसटी की पारी को रोक दिया। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में बिहार के चर्चित चारा घोटाले में निर्णय देने वाले तथा वर्तमान में ऋण वसूली अधिकरण के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश प्रवास कुमार सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

मुख्य अतिथि प्रवास कुमार सिंह का स्वागत करते टीमों के खिलाड़ी।

# मिड विंटर, एलडीए बी व कॉल्विन कॉलेज पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

- प्रथम हेमचंद जोशी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में प्री-क्वार्टर फाइनल
- मिड विंटर, एलडीए बी, एक्स स्टूडेंट एमयू क्लब, कॉल्विन कॉलेज, फॉल्कंस क्लब, लखनऊ यूथ और टेक्ट्रो क्लब ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चौक स्टेडियम पर शनिवार को खेले गए प्रथम हेमचंद जोशी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में मिड विंटर, स्पोर्ट्स कॉलेज, एलडीए बी, एक्स स्टूडेंट एमयू क्लब, कॉल्विन कॉलेज, फॉल्कंस क्लब, लखनऊ यूथ और टेक्ट्रो क्लब ने शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनय सिंह ने किया। उद्घाटन पर नितई सरदार, निकुंजा सरदार, महेंद्र, असलम और एसोसिएशन सचिव कन्हैया लाल मौजूद रहे।

प्रत्येक मुकाबले में मिड विंटर ने ममता स्पोर्टिंग को 2-0, एलडीए बी ने रिगेरिया क्लब को 3-0, एक्स स्टूडेंट एमयू क्लब ने मिलानी क्लब को 2-0 से हराया। कॉल्विन कॉलेज ने टाइब्रेकर में एसआर इंस्टीट्यूट को 4-3 से मात दी, फॉल्कंस क्लब ने एलडीए ए को 2-0, लखनऊ यूथ ने एक्स स्टूडेंट ए को 2-1 और टेक्ट्रो क्लब ने बिग ब्लू को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्पोर्ट्स कॉलेज को वॉकओवर मिला। आयोजकों के अनुसार, रविवार को क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

## सिटी डायरी

### वेटलिफ्टिंग में लखनऊ की सुनीता ने जीते तीन कांस्य पदक

प्रशिक्षक के साथ पदक जीतने वाली सुनीता वर्मा।

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम की प्रशिक्षु वेटलिफ्टर सुनीता वर्मा ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। गाजियाबाद में आयोजित उत्तर प्रदेश वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप (यूथ, जूनियर और सीनियर) के दूसरे दिन सुनीता ने 58 किग्रा भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर लखनऊ का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में उनके दमदार प्रदर्शन से खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। सुनीता की इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा, जिला लखनऊ भारोत्तोलन संघ के सचिव रंजीत सिंह और प्रशिक्षक अरविंद कुशवाहा ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के बल पर सुनीता ने यह सफलता हासिल की है।

मंच पर उपस्थित पुरातत्व विद।

प्रेसवार्ता करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष रूद्र दमन सिंह 'बबलू'।

### लविवि में देशभर के पुरातत्वविद ने की 'द्वितीय नगरीकरण' पर गहन चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में सम्मेलन के दूसरे दिन देश के पुरातत्वविद और इतिहासकार भारत के 'द्वितीय नगरीकरण' काल पर गहन मंथन कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन नृविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. यू.पी. सिंह ने किया। सम्मेलन के प्रत्येक सत्र में 10 शोधार्थियों ने अपने शोध प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों ने प्राचीन धरोहरों के संरक्षण की गंभीर चिंता जताई और प्राचीन सामग्रियों की उपेक्षा, ऐतिहासिक स्थलों पर तोड़फोड़ को समस्या बताया। शोधकर्ताओं ने प्राचीन शस्त्र, योद्धा संस्कृति और मुद्राशास्त्र के माध्यम से तत्कालीन अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति पर नई जानकारी दी।

### पलायन के खिलाफ कवच है मनरेगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मनरेगा बचाओ आन्दोलन संग्राम के तहत शनिवार को प्रदेशभर में जिला व शहर कांग्रेस कमेटियों द्वारा प्रेसवार्ताओं के माध्यम से अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत की गई। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह 'बबलू' ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी वॉर रूम के प्रभारी संजय दीक्षित और स्टेट वॉर रूम के जोनल हेड राघवेन्द्र उपाध्याय भी उपस्थित रहे। कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कांग्रेस शासनकाल की केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के करोड़ों गरीब परिवारों की जीवनरेखा है।

### झलकारीबाई में राज्य स्तरीय टीम का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्य व अस्पताल के अधिकारी व कर्मचारी।

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिलाओं और नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश शासन के तहत स्वास्थ्य विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने हजरतगंज स्थित झलकारीबाई महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया गया।

**आयोजन** | लविवि में आयोजित प्रवासी भारतीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विदेशी छात्र हुए सम्मानित

# प्रवासियों ने अपनी भाषा और संस्कृति से किया 'एग्रीमेंट'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'हिन्दी का प्रवासी : प्रवासी की हिन्दी' का शनिवार को समापन हो गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय ने गिरमिटिया मजदूरों के संघर्ष को नमन करते हुए कहा कि प्रवासियों ने अपनी बोली में हिन्दी का सहज विकास किया है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में 'गिरमिटिया अध्ययन केंद्र' की स्थापना के प्रस्ताव का पुरजोर समर्थन किया।

संगोष्ठी के दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि जो लोग गुलामी की जंजीरों में बंधकर विदेश गए, वे अपने साथ रामचरितमानस और अपनी संस्कृति ले गए थे। डॉ. संत त्रिपाठी ने कहा कि जो लोग कभी गुलाम बनाकर ले जाए गए थे, वे आज प्रभु राम की कृपा से उन देशों में राज कर रहे हैं। डॉ. भावना सक्सेना ने बताया कि प्रवासी लोग आज भी अपनी नई पीढ़ी को रामचरितमानस की शब्दावली से वर्णमाला सिखा रहे हैं। समारोह में अपर मुख्य सचिव वेंकटेशर लू, प्रो. विमलेशकांति वर्मा, प्रो. पवन अग्रवाल और प्रो. ओंकारनाथ उपाध्याय सहित कई विद्वान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री व अन्य। अमृत विचार

### इन्होंने भी रखे विचार

- **प्रो. अनिल शुक्ल :** भारत को भारत की नजर से देखा जाना चाहिए। गिरमिटिया प्रवासियों ने भारत की मिट्टी और संस्कृति से जो 'एग्रीमेंट' किया, उसे उनकी पीढ़ियां आज भी निभा रही हैं।
- **अरुण कुमार सिन्हा :** हिन्दी एक आत्मीय भाषा है। आज विश्व के 176 संस्थानों में हिन्दी पढ़ाई जा रही है।
- **शारजाह की पूर्णिमा वर्मन :** तकनीकी के महासागर में हिन्दी के 'जहाजों' की कमी है, जिसे युवाओं को कड़ी मेहनत से पूरा करना होगा।

### विदेशी छात्र हुए सम्मानित

- विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में अध्ययनरत जर्मनी, पोलैंड, ताजिकिस्तान और श्रीलंका के विदेशी छात्रों को सम्मानित किया गया। पोलैंड की अन्ना और श्रीलंका की कलनी ने हिन्दी गीतों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।